सख्ती : आरसीपी, आईटीआर और आरसीएम की परीक्षाएं अब आरआईटी में आयोजित होंगी

अव्यवस्थाएं मिलने पर यूटीयू ने बदला आईटीआर का परीक्षा केंद्र, दो नकलची भी पकड़े

संवाद न्यूज एजेंसी

रुड़की। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) की सात जनवरी से शुरू हुई विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के तीसरे दिन विवि के कुलपति ने उड़नदस्ता टीम के साथ सुबह की पाली में रुड़की क्षेत्र के संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्र आईटीआर में अव्यवस्थाएं पाए जाने पर केंद्र को बदल दिया गया। अब आरआईटी में परीक्षाएं होंगी। टीम ने दो छात्रों को नकल करते हुए भी पकड़ा।

टीम ने इंजीनियरिंग, फार्मेसी व लॉ पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के मद्देनजर बिशंभर सहाय इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बीएसएम लॉ कॉलेज,

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते यूटीयू के उड़नदस्ते में शामिल अधिकारी। - संवाद

तारावती इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल एंड साइंस रुड़की एवं इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की (आईटीआर) परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उड़नदस्ते 8के साथ विवि कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने भी स्वयं केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

आईटीआर केंद्र पर दो अन्य संस्थानों आरसीपी और आरसीएम के परीक्षा केंद्र भी निर्धारित हैं। कुलपति ने बताया कि संस्थान के केंद्र अधीक्षक को बुलाया तो संस्थान में मौजूद संजीव कुमार ने बताया कि वर्तमान में वह स्वयं आरसीपी कॉलेज में परीक्षा नियंत्रक के कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं और आईटीआर संस्थान में वर्तमान में निदेशक नहीं है।

वहीं जब केंद्र अधीक्षक के रूप में दर्शाए गए डॉ. ललित कौशल से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वे पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य हैं और उन्हें यहां पर जबरदस्ती केंद्र अधीक्षक बनाया गया है। इस पर कुलपति ने विवि परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनय कुमार पटेल को परीक्षा केंद्र निरस्त करते हुए यहां के परीक्षार्थियों की आगामी परीक्षाएं आरआईटी में कराने के निर्देश दिए। उधर, उड़नदस्ता टीम ने नकल करते हुए दो छात्र भी पकड़े हैं।